सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001**

**सीएसआईआर की अत्याधुनिक राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों के नेतृत्व हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

सन 1942 में स्थापित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संगठन है। देश का एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन होने के नाते, प्रारंभ से ही सीएसआईआर विविध विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा नवाचार आधारित अंतराक्षेपों के माध्यम से तकनीकी–सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान दे रहा है। 37 अत्याधुनिक घटक प्रयोगशालाओं के साथ, आज सीएसआईआर विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित उन्नत वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संगठनों में से एक है। सीएसआईआर की विशेषज्ञता और अनुभव इसके लगभग 3,500 वैज्ञानिकों और 4,000 वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोगी कार्मिकों के अतिरिक्त लगभग 9,000 जेआरएफ/एसआरएफ/आरए तथा परियोजना स्टाफ में सन्निहित है। सीएसआईआर प्रतिवर्ष पियर रीव्यूड अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों (एससीआई) में 5,000 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित करता है। वर्तमान में, सीएसआईआर के पास भारत में प्रवृत्त 1,418 विशिष्ट पेटेंटों का पेटेंट पोर्टफोलियो है, जिनमें से 146 पेटेंट/पेटेंट आवेदनों को उद्योग जगत को लाइसेंसीकृत/सौंप दिया गया है। सीएसआईआर के पास विदेशों से प्रदान किये गए 958 प्रवृत्त पेटेंट भी हैं।

शिमागो इंस्टिट्यूशंस रैंकिंग वर्ल्ड रिपोर्ट 2025 के अनुसार, सीएसआईआर विश्व के 2123 सरकारी संस्थानों में 74वें स्थान पर है और शीर्ष के 100 वैश्विक सरकारी संस्थानों में एकमात्र भारतीय संगठन है। इसके अतिरिक्त, 636 सरकारी संगठनों में से सीएसआईआर को अनुसंधान में 7वीं रैंक और एशिया में सामाजिक श्रेणी में 4थी रैंक प्राप्त है। सरकारी संस्थानों में सीएसआईआर समग्र अनुसंधान और सामाजिक श्रेणियों में प्रथम स्थान पर देश का नेतृत्व करता है। सीएसआईआर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें विकसित करने के साथ ही भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था में प्रवेश कराया है। सीएसआईआर को यह गौरव प्राप्त है कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री उसकी सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में पदस्थ हैं। सीएसआईआर ने इस अवधि में अनेक प्रौद्योगिकियों का विकास किया है और वर्तमान में देश के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए विभिन्न अत्याधुनिक प्रौद्योगिकीय मोर्चों पर काम कर रहा है।

सीएसआईआर अपनी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं/संस्थानों के नेतृत्व के लिए उत्कृष्ट आर एंड डी प्रोफेशनल्स से आवेदन आमंत्रित करता है। यह विज्ञापन सीएसआईआर–केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएलआरआई), चेन्नै और सीएसआईआर–केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीआरआरआई), नई दिल्ली में वेतन मैट्रिक्स (1,82,200– 2,24,100 रुपये) के वेतन स्तर 15 में (अन्य स्वीकार्य भत्तों सहित) निदेशक के पदों के लिए है। इसका विवरण इस प्रकार हैं:

**1. <u>सीएसआईआर–केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएलआरआई), चेन्नै</u>** चमड़ा और चमड़े से बने उत्पादों से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में संलग्न है जिसमें रासायनिक, जैविक और इंजीनियरिंग विज्ञान के अत्याधुनिक उपयोग के साथ उत्पाद डिज़ाइनिंग शामिल है। यह संस्थान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्म एवं

संबद्ध विज्ञान में शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करता है; तथा चर्म उद्योग को प्रौद्योगिकीय व ज्ञान–आधारित सेवाएं प्रदान करता है। सीएसआईआर–सीएलआरआई चर्म उत्पाद, चर्म सहायक उपकरण, चमड़े के सामान, चर्म आधारित वस्तुओं और फुटवियर विकसित करने में अग्रणी है। यह पशुचर्म, त्वचा, कोलेजन और टैनिंग एजेंटों पर मौलिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान करता है। संस्थान ने स्वच्छ चमड़ा प्रसंस्करण और पर्यावरणीय स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त, इसने आर्थिक और सामाजिक महत्व के इस क्षेत्र के लिए मानव संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीएसआईआर–सीएलआरआई बी.टेक. (चर्म प्रौद्योगिकी) और एम.टेक. एवं पीएचडी (चर्म प्रौद्योगिकी और फुटवियर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग) के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता है।

संस्थान के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.clri.org वेबसाइट देखें।

2. **<u>सीएसआईआर–केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीआरआरआई), नई दिल्ली</u>** सड़कों और रनवे के डिज़ाइन, निर्माण और रखरखाव, मेगा और मध्यम शहरों की यातायात और परिवहन योजना, विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के प्रबंधन, सीमांत सामग्रियों के सुधार, सड़क निर्माण में औद्योगिक अपशिष्ट के उपयोग, भूस्खलन नियंत्रण, सड़क यातायात सुरक्षा एवं विश्लेषण व डिज़ाइन, निष्पादन की मॉनीटरिंग/मूल्यांकन, सेवा काल का आकलन और राजमार्ग व रेलवे पुलों के पुनरुद्धार से संबंधित अनुसंधान और विकास में संलग्न प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है। एक प्रमुख राष्ट्रीय प्रयोगशाला होने के नाते सीएसआईआर–सीआरआरआई राष्ट्रीय मानकों एवं विनिर्देशों, सड़क परिवहन से संबंधित सभी क्षेत्रों में अभ्यास संहिता, विशेष रूप से सामग्री, सड़कों के ज्यामितीय और फुटपाथ डिज़ाइन, सड़क निर्माण, रखरखाव प्रबंधन, यातायात इंजीनियरिंग, सुरक्षा और सामाजिक–आर्थिक विश्लेषण की तैयारी में अद्वितीय भूमिका निभाता है। यह संस्थान विभिन्न लक्षित समूहों की आवश्यकताओं के अनुरूप कई प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम भी प्रदान करता है. यह संस्थान सूचना और तकनीकी विशेषज्ञता के आदान–प्रदान के लिए भारत और विदेश में विभिन्न राजमार्ग अनुसंधान संगठनों के साथ सक्रिय संपर्क बनाए रखता है। सीएसआईआर–सीआरआरआई एक आईएसओ मान्यता प्राप्त संस्थान है।

संस्थान के विषय में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.crridom.gov.in वेबसाइट देखें।

**<u>अर्हता, अनुभव एवं आयु</u> : –**

**अनिवार्य अर्हता** : नेचुरल साइंसेज़ में पीएच.डी. अथवा इंजीनियरिंग में परास्नातक (मास्टर्स) डिग्री (इंजीनियरिंग के लिए पीएच.डी. वांछनीय है)।

**आयु:** 45 वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 56 वर्ष से अधिक नहीं।

**अनुभव:** प्रयोगशाला/संस्थान/केंद्र की गतिविधियों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास (ट्रांस्लेशनल रिसर्च पर फोकस सहित) में कम से कम 16 वर्ष का अनुभव और उसके अंतर्गत नेतृत्व में उत्कृष्टता का प्रदर्शन।

अनुभव के वर्षों की गणना उम्मीदवार के अनुसंधान कैरियर की शुरुआत से की जाएगी।

**छूट:** महानिदेशक, सीएसआईआर के अनुमोदन से असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में अर्हता, आयु और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**उम्मीदवार:** उम्मीदवार रचनात्मक, नवोन्मेषी और सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद हो, जिसमें उत्कृष्ट पारस्परिक संबंधों के साथ बहुविषयक अनुसंधान एवं विकास टीमों के प्रबंधन की सिद्ध क्षमता हो। उम्मीदवार ने बौद्धिक सम्पदा और प्रकाशनों के सृजन के अतिरिक्त प्रौद्योगिकी विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। वह उच्च श्रेणी के अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में सक्षम हो।

**जिम्मेदारियां:** निदेशक संस्थान के कर्मचारियों का पर्यवेक्षण करेगा एवं उन पर प्रशासनिक नियंत्रण रखेगा तथा (i) संस्थान के मिशन को साकार करने, और (ii) सामाजिक/औद्योगिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रयोगशाला/संस्थान के नवाचार व उच्च श्रेणी के अनुसंधान एवं विकास तथा अन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीय गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु जिम्मेदार होगा।

**नियुक्ति:** निदेशक के पद पर नियुक्ति छह वर्ष की अवधि अथवा अधिवार्षिता तक, जो भी पहले हो, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (1,82,200– 2,24,100 रुपये) में स्वीकार्य भत्तों के साथ की जाएगी। कार्यकाल की अवधि केवल असाधारण मामलों में ही नवीनीकृत की जाएगी।

**लाभ:** मौजूदा नियमों के अनुसार बाह्य अनुबंध अनुसंधान एवं विकास, परामर्श और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने से प्राप्त धन को साझा करने का प्रावधान भी उपलब्ध है। नियमानुसार आवासीय सुविधा और परिवहन प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सीएसआईआर नियमों के अनुसार चिकित्सा और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**आवेदन कैसे करें:** पद के लिए आवेदन/नामांकन विस्तृत बायो–डेटा के साथ वैज्ञानिक और ट्रांसलेशनल योगदानों पर प्रकाश डालते हुए प्रकाशनों/पेटेंट आदि की सूची के साथ ईमेल आईडी **drc@csir.res.in** पर ईमेल के माध्यम से अथवा निदेशक भर्ती प्रकोष्ठ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001 को डाक द्वारा भेजें। नीचे दिए गए प्रोफ़ॉर्मा में संक्षिप्त बायो–डेटा भी भेजें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **30 जून, 2025** है।

**बायो डेटा हेतु प्रारूप**

1. प्रयोगशाला का नाम जिसके लिए आवेदन/नामांकन किया गया है:
2. नाम:
3. जन्म की तारीख:
4. वर्तमान पद एवं पता:
5. शैक्षणिक अर्हता:
6. 

| क्रम सं. | डिग्री/प्रमाणपत्र | उत्तीर्ण होने का वर्ष | विश्वविद्यालय/संस्थान | विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. शैक्षणिक/अनुसंधान अनुभव/सेवा नियोजन

| क्रम सं. | से | तक | संगठन का नाम | धारित पद |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

8. विशेषज्ञता के क्षेत्र:
9. प्राप्त सम्मान/पुरस्कार/मान्यताएं:

10. व्यावसायिक संबद्धताएं:

11.

(क) लोकप्रिय लेखों सहित शोध प्रकाशनों की सूची, यदि कोई हो;

(ख) वर्तमान विशेषज्ञता क्षेत्र के लिए प्रासंगिक पिछले 10 वर्षों में सर्वोत्तम व्यावसायिक आउटपुट/परिणामों की सूची;

(ग) विशेषज्ञता के क्षेत्र में योगदानों सम्बन्धी मुख्य बातें

12. * लिखी गई/संपादित पुस्तकों की संख्या:

13.

क) स्वीकृत/आवेदित पेटेंटों/कॉपीराइट्स/ट्रेड मार्क/आईपीआर की संख्या और ट्रांस्लेशनल रिसर्च सम्बन्धी योगदानों की मुख्य विशेषताएं:

ख) विकसित, लाइसेंसीकृत और/अथवा वाणिज्यीकृत प्रौद्योगिकियाँ, विवरण सहित।

14. पर्यवेक्षित शोध प्रबंध:

क) पीएच.डी.

ख) स्नातकोत्तर

15. सीएसआईआर–सीएलआरआई/सीआरआरआई के प्रमुख के रूप में अपने दृष्टिकोण (विजन) का 1–2 पृष्ठ का सारांश

16. उच्च प्रतिष्ठा वाले 5 प्रोफेशनल रेफरियों की सूची जिनके साथ उम्मीदवार ने विगत में बातचीत की हो।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि ऊपर दी गई समस्त सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तारीख:

स्थान:

---

* विवरण अलग से संलग्न किया जाए

आवेदकों से यह भी अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए प्रो–फॉर्मा को वर्ड फाइल प्रारूप में भरें और उसे संबंधित पदों के लिए अपने आवेदन के साथ भेजें:

| नाम , पता और जन्म तिथि | अर्हता एवं विशेषज्ञता | अनुभव (कालानुक्रमिक क्रम में) | सम्मान/ पुरस्कार | प्रकाशन/पेटेंट आदि की संख्या | 05 रेफरियों की सूची |
|---|---|---|---|---|---|